हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 13 दिसंबर 2023

04 जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों के त्वरित...



07 राम दरबार में हनुमान चालीसा, भजन कीर्तन कर...





## देश के साथ विदेशों से भी भक्त आते हैं सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन करने

# यादव के सीएम बनने से मां बगलामुखी लोक बनने की बढ़ी संभावना







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मप्र के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बनाए गए हैं। श्री यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर मां बगलामुखी लोक बनने की संभावना बढ़ जाएगी। देश नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुका सिद्धपीठ मां बगलामुखी माता के दरबार को वृहद विस्तार की नितांत आवश्यकता महसूस होने लगी है जैसे - जैसे माता के इस मंदिर की ख्याति प्रसिद्धि बड़ी है उस अनुपात में यहां इतना विकास व निर्माण कार्य नहीं हुआ कई जनप्रतिनिधि यहां आए चले गए पर किसी के द्वारा माता के इस मंदिर की सुध नहीं ली अब इसके विकास व विस्तार को लेकर भक्तो सहित आमजनों से यह आवाज उठने लगी है और सभी नवीन जनप्रतिनिधि व सरकार से मां बगलामुखी लोक की आस लगाए बैठे हैं।

### यादव हैं बगलामुखी के अनन्य भक्त

इसके साथ ही श्री यादव मां बगलामुखी के भी अनन्य भक्त होकर समय - समय पर माता के दरबार में पूजन पाठ के लिए आते रहते है। जो की मंदिर की वर्तमान व्यवस्थाओं से अच्छे खासे वाकिफ है और पूर्व में उनके द्वारा भी यहां बगलामुखी लोक का निर्माण हो ऐसी चर्चा कार्यकर्ताओं से की गई थी तो इन्ही सब पहलुओं को समझते हुए उनके सीएम बनने के बाद माता के भक्तो के साथ नगरवासियों को बगलामुखी लोक बनने की उम्मीद और जाग गई है। ज्ञात रहे की डॉ यादव मप्र पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष थे उस दौरान भी उनके द्वारा मंदिर पर विकास कार्यों हेतु राशि प्रदान की गई थी। प्रदेश की पूर्व सरकार द्वारा प्रदेश के कई धार्मिक स्थलों पर विभिन्न लोक बनाने की स्वीकृति दी जा चुकी है लेकिन उस समय मां बगलामुखी लोक के निर्माण की स्वीकृति नहीं हो पाई थी। पिछले दिनों क्षेत्र में आए मध्यप्रदेश सरकार के कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी इसी को लेकर हरिभूमि द्वारा सवाल पूछा गया था जिस पर उनके द्वारा प्रदेश में उनकी सरकार बनने पर माता के दरबार में मां बगलामुखी लोक बनाने की घोषणा की गई थी। अब जबकि माता रानी के अनन्य भक्त डॉ यादव स्वयं प्रदेश के मुखिया बनने जा रहे हैं। ऐसे में स्वाभाविक रूप से स्थानीय नागरिकों को यह विश्वास हो रहा है कि अब नगर में मां बगलामुखी लोक की स्वीकृति भी शीघ्र हो सकती है।

हरिभूमि द्वारा बगलामुखी लोक को लेकर लगातार समाचार प्रकाशन कर जिम्मेदारों का ध्यान इस और आकर्षित करवाया है। अब जब मालवा से प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव बने जो की नलखेड़ा नगर एवं मां बगलामुखी मंदिर से वर्षो से जुड़े हुवे है। वे छात्र राजनैतिक जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्य करने के दौरान से नगर से जुड़े हुवे है।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरु

**सीहोर।** कॉलेज में प्रवेश नियमितिकरण की प्रक्रिया शुरु हो गई है और नवीनीकरण की आखिरी तारीख 31 दिसबंबर रहेगी। नियमितिकरण की प्रक्रिया में वे स्टूडेंट्स शामिल होंगे जो स्नातक में फर्स्ट ईयर से सेकंड, सेकंड ईयर से फाइनल में गए हैं। साथ ही स्नातकोत्तर के सेकंड सेमेस्टर से तृतीय सेमेस्टर में गए हैं। जिन्होंने अभी सेकंड ईयर, फाइनल ईयर और स्नातकोत्तर के तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश नहीं लिया है। वे ऑनलाइन जाकर ई-प्रवेश की वेबसाइट पर प्रवेश शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करें।

### 10वीं-12वीं की परीक्षा का शेड्यूल जारी

**सीहोर** । काउंसलिंग फॉर द इंडिया स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने आईसीएसई बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाओं का शेडयूल जारी कर दिया है। इसके तहत कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होगी। पहला पेपर इंग्लिश का होगा। परीक्षा 28 मार्च को समाप्त होगी। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 12 फरवरी से शुरु होगी और 3 प्रैल को समाप्त होगी।

### घायल व्यक्ति की जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपल्ब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा। सडक दुर्घटनाओं की जानकारी आईरेड एप के माध्यम से संकलित की जाती है।

### 31 दिसंबर तक किसान रबी फसलों का बीमा करा सकते हैं

**सीहोर।** कृषि विभाग ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषक भाईयों को सूचित किया गया है कि योजनांतर्गत रबी 2023 के लिये सभी ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर, बटाईदार किसानों के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 है। जिला स्तर पर जिन फसलों को अधिसूचित किया गया है।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा व कलश पूजन 17 को




**नलखेड़ा।** अयोध्या में निर्माणाधीन भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में आगामी 17 दिसम्बर रविवार को एक भव्य कलश यात्रा एवं कलश पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुवे विहिप के जिला उपाध्यक्ष किशोर बैरागी ने बताया कि आगामी जनवरी माह में होने वाले श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण - प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने एवं स्थानीय स्तर पर हर्षोल्लास से आयोजन करने हेतु जिले के समस्त 519 ग्रामों व नगरीय केंद्रों पर घर - घर पहुंचकर पीले चावल देकर आमंत्रण देने के कार्यक्रम के चल रहे हैं। इसी के तहत आगामी 17 दिसम्बर रविवार को दोपहर 2 बजे से माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित तीर्थ यात्री विश्राम गृह परिसर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी। जिसमे एक सुसज्जित रथ में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आये अभिमंत्रित अक्षत व कलश विराजित रहेगा जिसकी स्थान स्थान पर पूजन होगी। उन्होंने बताया कि कलश यात्रा में कई झांकियों के साथ बड़ी संख्या में भक्तगण भी उपस्थित रहेंगे। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई चौक बाजार पहुंचेगी जहां एक धर्म सभा का आयोजन होगा।

## कंट्रोल की दुकान का ताला तोड़कर 6 बोरी चावल चोरी

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना



**सीहोर।** शनिवार रात गंगा आश्रम के पास राजाबाग कालोनी स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के ताले तोड़कर चोर तीन क्विंटल चावल चुरा ले गए। दुकान संचालक ने कोतवाली में चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार राजा बाग कालोनी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान में शनिवार रात चोरों ने दुकान के ताले चटकाए और अंदर घुसकर होकर छह बोरी चावल ले गए। सुबह जब दुकान संचालक राजा अग्रवाल दुकान पर पहुंचे तो उन्हें चोरों की करतूत का पता चला। उन्होंने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है बताया जाता है कि दुकान के पास लगे एक मकान के सीसीटीवी कैमरों में चोरों की करतूत कैद हो गई है। देर रात करीब तीन बजे चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। दुकान से वार्ड क्रमांक पांच एवं छह के उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर राशन वितरित किया जाता है। यह चावल भी उपभोक्ताओं को वितरित करने के लिए रखा था। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।


## ग्रामीण डाक सेवक विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**नलखेड़ा।** उप डाकघर नलखेड़ा के 12 बीओ के समस्त ग्रामीण डाक सेवक अपनी विभिन्न मांगों तथा कमलेशचंद कमेटी की रिपोर्ट को पूरी तरह लागू किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिससे नलखेड़ा क्षेत्र की ग्रामीण डाक व्यवस्था बिगड़ सकती है। नलखेड़ा क्षेत्र के ग्रामीण डाक सेवको ने बताया कि देश के आजाद होने के बाद भी ग्रामीण डाक सेवक भयंकर त्रासदी भोग रहा है। कमलेशचंद कमेटी की रिपोर्ट आज तक पूरी तरह लागू नहीं की गई। जिसके कारण अखिल भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ मालवा संभाग उज्जैन के आह्वान पर उपडाकघर नलखेड़ा के 12 बीओ के समस्त ग्रामीण डाक सेवक 12 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे ग्रामीण डाक व्यवस्था चरमरा सकती है।

## अमावस्या पर हुई दीपमालिका रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर स्थित दीपमालिका पर अमावस्या के अवसर पर दीपक से रोशन किया गया। मंगलवार को अमावस्या के अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर में स्थित दीपमालिका पर सायंकाल दीपक लगाकर रोशन किया गया। दीपमालिका पर लगे दीपक अपनी अलग ही छटा बिखेर रहे थे। गौरतलब है कि भक्तगण वर्षों से सिद्धपीठ पर स्थित दीपमालिका पर प्रतिदिन उज्जैन स्थित हरिसिद्धि मंदिर की तरह दीपक लगाने की मांग कर रहे हैं लेकिन मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आज तक इस मांग पर सकारात्मक निर्णय नही लिया गया है। मंदिर प्रबंध समिति को इस संबंध में निर्णय लेकर प्रतिदिन दीपमालिका पर दीपक लगाना प्रारम्भ किया जाना चाहिए।

## शा. महाविद्यालय में हुआ रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सिविल हॉस्पिटल नलखेड़ा के संयुक्त तत्वाधान में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संस्था के प्राचार्य डॉ.जीएल रावल, डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी एवं स्वास्थ्य विभाग के विजेंद्र पारेकर, आयुष राठौर, नितेश पाटीदार, दीपा अंबुलकर एवं भावना राठौर द्वारा माता सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। रक्त परीक्षण शिविर की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में स्वास्थ्य विभाग के विजेंद्र पारेकर द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.रावल द्वारा बच्चों को रक्त परीक्षण एवं रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया एवं समाज में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के लगभग 155 विद्यार्थियों ने रक्त परीक्षण करवाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. जितेंद्र चावरे द्वारा माना गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कलेटक्टर की जनसुनवाई में 38 आवेदन हुए प्राप्त

## किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में 38 आवेदकों द्वारा अपनी समस्या के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव व जिला अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नलखेड़ा तहसील के ग्राम ढ़ाबला सोनगरा निवासी सीताराम ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु पंजीयन करवाने की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। जनसुनवाई में बद्रीलाल निवासी सोयतकलां ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने, सुरेश निवासी सुसनेर ने राजीव गांधी काम्पलेक्स सुसनेर की दुकान उसके भाई द्वारा अवैधानिक तरीके से किराऐ पर देने तथा दुकान के आगे अवैध अतिक्रमण करने पर रोक लगाने, हेमराज दसलानिया निवासी खेलागांव ने क्रय किये गए प्लाट का भूमि स्वामी द्वारा नामांतरण नहीं करवाते हुए धोखाधड़ी करने, श्यामूबाई निवासी भ्याना ने भूमि के सीमांकन आदेश होने के बावजूद भी सीमांकन नहीं करने, प्रमोद कुमार गर्ग निवासी आगर ने नगर पालिका परिषद् आगर द्वारा सार्वजनिक नल कनेक्शन नियम विरूद्ध दिऐ जाने, रामलाल निवासी देवली आगर ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि की बकाया किश्तों का भुगतान करवाने,दानूसिंह निवासी कांकर ने उसके परिवारजनों की समग्र आईडी बनवाने, मोहनलाल निवासी निपानिया हनुमान ने गांव के अनावेदक द्वारा शासकीय भूमि एवं हेण्डपम्प पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने, रामसिंह निवासी सुल्तानपुरा ने खेती कार्य के दौरान पत्नि की मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहायता प्रदान करवाने, रामप्रसाद निवासी अमरकोट ने कृषि भूमि के नामांतरण हेतु पटवारी द्वारा अनुचित राशि लेने के बाद नामांतरण नहीं करने, कालूसिंह निवासी अहिरबर्डिया ने सुण्डी तालाब में डूब में आई भूमि का मुआवजा दिलवाने आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आवेदकों द्वारा जनसुनवाई में प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर सिंह द्वारा मौके पर निराकरण योग्य आवेदनों का अधिकारियों से निराकरण करवाया तथा शेष आवेदन समय-सीमा में निराकरण हेतु अधिकारियों को सौंपे गए।

## खबर संक्षेप

### जय भोले मोटर सायकल कलश यात्रा समिति की बैठक कल


**देवास।** राष्ट्रीय एकता, संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण जैसे जनहित के आदर्श उद्देश्यों को लेकर वर्ष 2005 में स्थापना के पश्चात 5 वर्ष तक माँ नर्मदा के धारा जी घाट से, 5 वर्ष नेमावर में सिद्धेश्वर घाट से तथा वर्तमान में मां नर्मदा क्षिप्रा संगम स्थल ग्राम मूंडला दोस्तदार से प्रत्येक महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली जय भोले मोटर सायकल कलश यात्रा की वार्षिक बैठक 14 दिसंबर को यात्रा संयोजक आलोक पायलट के मां कृपा निवास पर सायं 6 बजे होगी। कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता एवं मांगीलाल चौधरी ने बताया कि बैठक में पूर्व में संपन्न यात्राओं का विश्लेषण, आगामी विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों, विशेषकर 16 फरवरी 2024 पर मां नर्मदा जयंती तथा 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि पर आयोजित की जाने वाली कलश यात्रा के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक को सफल बनाने का अनुरोध पं. मधुसूदन शर्मा, अनिल गुप्ता, कुं. जयदेव सिंह पवार, ठा. सुमेर सिंह जाधव, जगदीश सिसोदिया, उदयभानु यादव, बृजेश राठौर सर, कपिल यादव, मांगीलाल राठौर पुरुषोत्तम सोनी, बाबूलाल राठौर लीलाधर देथलिया तथा राज भंवर सिंह सेंधव आदि ने की है। सभी कलश यात्रियों से निवेदन है कि कृपया अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने अनुरोध किया है।

## जिले में जनसुनवाई में आवेदकों ने कलेक्टर गुप्ता को बताई अपनी समस्याएं

# जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश

आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपने आवेदन कलेक्टर गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत किए। आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**बिजली बिल माफ किया जाये :** जनसुनवाई में मधुबाला चौधरी निवासी ग्राम खतेडिया ने बिजली बिल माफ किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**ई-स्कूटी दिलाई जाये :** जनसुनवाई में आयुषी चौहान पिता कमल सिंह चौहान निवासी राजोदा ने ई-स्कूटी के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**नल कनेक्शन का निराकरण कराया जाये :** जनसुनवाई में सतीश पाण्डेय ने उनके नाम से आ रहे अवैध/फर्जी नल कनेक्शन के बिल का निराकरण करने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

**मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत सब्सिडी दिलाई जाये:** जनसुनवाई में गणेश प्रजापति पिता गुलाब सिंह प्रजापति निवासी बरोठा ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत सब्सिडी दिलाई जाने के संबंध में आवदेन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अय्युब खां पिता चांद खां निवासी देवास ने मकान का पट्टा जारी करने के संबंध में आवदेन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिये।

शासकीय एवं मंदिर की भूमि से अवैध अतिक्रमण का कब्जा हटाए जाने की मांग को लेकर देवास जिले सोनकच्छ तहसील के ग्राम बावई के ग्रामीणजन मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के पास आवेदन लेकर पहुंचे। ग्रामीणजनों ने बताया कि गाँव में एक हनुमान मंदिर बना हुआ था। मंदिर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो जाने से हम ग्रामीण मंदिर का सामुहिक रूप से पुनः निर्माण करना चाहते है। उक्त मंदिर शासकीय भूमि पर स्थित होकर गाँधी चबूतरे से लगा हुआ है तथा गाँधी चबुतरे पर पूर्व से ही यज्ञ हवन आदि होता आ रहा है। हनुमान मंदिर व गाँधी चबुतरे पर स्थित यज्ञशाला का निर्माण गांव के लोग सामूहिक रूप से करना चाहते है।कुछ लोगो द्वारा ग्राम बावई ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जबकि भूमि शासकीय भूमि होकर राजस्व रिकार्ड में भी शासन के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि ग्रामः बावई प.ह.न. 53 तहसील सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. में स्थित होकर जिसके सर्वे नम्बर 333 रकबा 0.42 हैक्टर भूमि स्थित है। भूमि से कब्जा हटाने के लिए गाँव के व्यक्तियो तथा वसूली पटेल ने कहा कि तुम उक्त भूमि पर से अपना अवैध कब्जा हटा लो, परंतु उनके द्वारा कहा गया कि हम इस भूमि पर से कभी भी कब्जा नहीं हटायेगें। जो भी दर्शनार्थी मंदिर में दर्शन के लिए जाता है उससे इन कब्जाधारियो द्वारा गाली गलोज कि जाती है और अभद्रता का व्यवहार किया जाता है। कब्जाधारियों द्वारा अवैध रूप से मकान का निर्माण भी कर लिया है और हरे वृक्ष भी बिना किसी शासन की अनुमति के काट दिये है। उक्त भूमि पर मकान बनाकर निर्माण कार्य कर लिया गया है जो पूर्णतः अवैध है। भूमि पर पूर्व से स्थित शासकीय कुओं को भी कब्जाधारियों ने दबा दिया गया है। सोनकच्छ अनुविभागीय अधिकारी एवं पुलिस थाना में आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की, लेकिन आज तक हमारी सुनवाई नही हुई। ग्रामीणजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि से इन कब्जाधारियों से कब्जा हटाया जाकर हमें मंदिर व यज्ञशाला का निर्माण करने की अनुमति दिलवाई जाए। साथ ही इन सभी के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की जाए। इस दौरान रामसिंह तंवर, राजेन्द्र सिंह तोमर, मोती सिंह पटेल, राधेश्याम जायसवाल, टिल्लु भाई महेश, रामरतन, शंकरलाल, गोरधन, राधेश्याम, राजेन्द्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बहन का नाम हटाकर दो भाइयों ने किया जमीन का बंटवारा, कलेक्टर से की शिकायत

दो सगे भाईयों ने जमीन से बहन का नाम हटवाकर बंटवारा कर लिया। जब इसकी जानकारी उनकी बहन देवास निवासी रूखमाबाई पति मनोहरलाल को लगी तो उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर को आवेदन देकर की। शिकायत में रूखमाबाई ने बताया कि देवास जिले के ग्राम तुमढ़ावदा तहसील व देवास पटवारी हल्का नम्बर 09 सर्वे नम्बर 198 रकबा 2.5300 की जमीन देवीसिंह, कचरूलाल, राजू बाई एवं रूख्माबाई पिता भेरूलाल के नाम से कृषि भूमि स्थित है। मेरे पिता के निधन के बाद जमीन पर माता ताराबाई का नाम दर्ज हो गया। माता के निधन के बाद हम चार भाई-बहन के नाम कृषि भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज की गई। किंतु मेरे दो भाईयों ने मेरे साथ विश्वासघात कर मेरे हिस्सा नही देते हुए जमीन के दस्तावेज से मेरा नाम काट दिया। मेरी माताजी का स्वर्गवास होने के पश्चात मेरे माता-पिता की पुश्तैनी जमीन पर हम चार भाई बहनों का नाम वारिस के रूप में दर्ज हो गया था। किंतु मेरी शादी होने के बाद मेरी अनुपस्थिति में मेरे भाई देवीसिंह, कचरूलाल पिता भेरूलाल ने ग्राम तुमड़ावदा तहसील देवास में स्थित 10 बीघा कृषि भूमि से मेरा नाम कटवाकर अपने नाम कर ली। दोनो भाईयों ने 420 तरीके से कृषि भूमि का हिस्सा-बाटा कर 5-5 बीघा अपने नाम करवा ली। बड़े भाई देवीसिंह ने अपने हिस्से की 5 बीघा जमीन अन्य को विक्रय कर दी। भूमि के लेन-देन की जानकारी मुझे आज तक नही दी गई। रूखमाबाई ने आवेदन देकर मांग की है कि शासन के आदेश अनुसार मेरी जमीन के विक्रय पर रोक लगाकर मुझे मेरा हिस्सा दिया जाए।

### सेंट्रल मालवा एकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**देवास।** व्यायाम शिक्षक सुनील मालवीय ने बताया कि 11 दिसंबर 2023 को श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्पोर्ट्स पार्क, टाटा चौराहा, देवास में आयोजित हुई रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में स्पीड स्केटिंग में सेंट्रल एकेडमी के सुमित जाट ने स्वर्ण, ओजस मेहता, राशा शेख व आदर्श शिवहरे ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रिंस पवार, रियान अली, धैर्य महाजन, शिवांश छापरवार, शिवम नगर, अनंत मोदी व विनय यादव खिलाड़ियों का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। विद्यालय के सी.ई.ओ अनवर खान, प्राचार्य पी.एस.स्वामी एवं समस्त स्टाफ ने खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में 20 दिवसीय सॉफ्टबॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ




**देवास।** 12 दिसंबर 2023 से शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में 20 दिवसीय सॉफ्टबॉल प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में देवास सॉफ्टबॉल संगठन के सचिव राजीव श्रीवास्तव व रितेश मालवीय सॉफ्टबॉल राष्ट्रीय खिलाड़ी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रशिक्षण में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी की। उक्त प्रशिक्षण महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नेहा बघेल द्वारा आयोजित कराया जा रहा है जो कि महाविद्यालय परिसर में 20 दिवस तक चलाया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भारत सिंह गोयल ने समस्त छात्रों, प्रशिक्षक व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नेहा बघेल को हार्दिक शुभकामनाएं दी और उन्होंने इस प्रयास को बहुत ही उत्तम बताते हुए छात्रों का खेल के प्रति मनोबल बढ़ाया। प्राचार्य द्वारा छात्रों को खेल में ज्यादा से ज्यादा आगे बढ़ाने और हर संभव सहयोग देने का वादा किया गया। उन्होंने साथ ही क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नेहा बघेल को ऐसे कार्यक्रम करने के लिए और छात्रों को खेल में आगे बढ़ाने के प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बीईओ ने किया निरीक्षण, अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस के साथ वेतन काटने के दिए आदेश



**चापडा।** बागली विकासखंड के अंतर्गत शासकीय स्कूलों की बदहाली सुधरने का नाम नहीं ले रही है, यहां पर पदस्थ शिक्षकों की मनमानी के आगे शासन के नियम बोने साबित हो रहे हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर बार-बार समझाईश देने के बाद भी जिम्मेदार शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार नजर नहीं आ रहे हैं। जिसके कारण स्कूलों में आने वाले बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही है, ना ही स्कूलों का नियम अनुसार संचालन हो पा रहा है। सोमवार के दिन बागली विकासखंड ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह द्वारा कुछ शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर कई अनियमितता पाई गई। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि उनके द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय अबल्दी, अबल्दा, घुड़िया, बिज्जूखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में छात्र छात्राओं का शिक्षा स्तर कमजोर पाए जाने पर संबंधित शिक्षक, शिक्षिकाओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही जहा पर शिक्षक अनुपस्थित पाए गए, उन शिक्षको के वेतन काटने के निर्देश दिए गए। एनपी सिंह द्वारा मंगलवार को कंझर में बच्चों को मिलने वाले मध्याहन भोजन का भी निरीक्षण किया गया। जहां पर मध्यान भोजन सही पाया गया। बता दे कि यह जिम्मेदारी संकुल प्राचार्य कि भी है कि वह अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों का समय-समय निरीक्षण करें और सुधार करें, लेकिन प्राचार्य की लापरवाही के कारण स्कूलों की स्थिति बदहाल हो रही है। संकुल प्राचार्य अपनी जिम्मेदारियां का निर्वाह नहीं कर पा रहे हैं, ना ही वह स्कूलों का निरीक्षण करते हैं, ना ही इन स्कूलों में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं पर उनका कोई प्रभाव है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि उनके द्वारा लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जाता है, जहां पर अनियमितता ,लापरवाही मिलती है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है, और उन्हें नियम से स्कूलों का संचालन करने का निर्देश भी दिया जाता हैं।

## एक्ट ईव फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए स्वेटर



**देवास।** शहर की सामाजिक संस्था एक्ट ईव एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा 12 दिसम्बर को विकास नगर प्राथमिक शाला के नन्हे बच्चों को अपने सहयोगी दानदाताओं के सौजन्य से 75 स्वेटर की सौगात दी गई। संस्था अध्यक्ष मोहन वर्मा,सचिव किशोर असनानी ने बताया कि ठंड में बच्चों की जरूरतों को देखते हुए शिक्षकों की मांग पर संस्था सदस्य वंदना प्रदीप शर्मा, समीर बापट, बापट तथा समाजसेवी दीपेश विपिन जुनेजा के सौजन्य से 75 स्वेटर बच्चों को भेंट किए गए जिन्हें पाकर ठंड में ठिठुरते बच्चों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम में अतिथि रूप में बीइओ अजय सोलंकी, संकुल प्राचार्य दिव्या निगम, बीआरसी किशोर वर्मा, जनशिक्षक सुरेंद्र राठौड़ व निशा राठौड़ उपस्थित थे। जिन्होंने एक्ट ईव फाउंडेशन द्वारा स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा अब तक 26 स्कूलों में 20 लाख कीमत के 700 से अधिक फर्नीचर सेट दिए जा चुके है जिनका लाभ 2000 से अधिक बच्चे ले पा रहे है। इसके साथ ही पांच स्कूलों की बेटियों को 05 सेनेटरी पैड वेडिंग मशीनें भी भेंट की जा चुकी है और सामाजिक सेवा के प्रकल्प जारी हैं। कार्यक्रम में साधना गहलोत, लक्ष्मी शर्मा, ज्योति सोलंकी, कनिष्क पटेल, स्मिता चावड़ा, आलेख वर्मा, योगेंद्रसिंह चावड़ा, इसाक भाई सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## एमजी रोड के व्यापारियों को अपनी हदों मे सामग्री रखने की हिदायत



**देवास।** शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग एमजी रोड पर आवागमन मे हो रही असुविधाओ को देखते हुए एमजी रोड एवं शहर के सभी प्रमुख मार्गो पर जितने भी प्रतिष्ठान हैं,उनके संचालको सख्त हिदायत दी की वे अपने प्रतिष्ठानो की सीमा के अंदर ही अपनी विक्रय की जाने वाली सामग्री अथवा वस्तुओ रखें, ताकि आवागमन सुचारू रूप से चल सके।

उल्लेखनीय है कि गत दिनो निगम अधिकारियो के साथ शहर के सभी प्रमुख मार्गो के अतिक्रमण हटाये जाने हेतु सभापति रवि जैन ने चर्चा कर कार्यवाही प्रचलित किये जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। आवागमन को देखते हुए चौडीकरण के पहले निगम ने प्रतिष्ठान संचालकों को अतिक्रमण स्वंय के द्वारा हटाये जाने की हिदायत दी। प्रतिष्ठान संचालक अपनी सामग्री का विक्रय अपनी हदों मे ही रखकर विक्रय करें। अन्यथा निगम द्वारा प्रतिष्ठानों के बाहर रखी सामग्री को जप्त कर लिया जाएगा 1 कार्यवाही मे निगम कार्यपालन यंत्री नागेश वर्मा, उपयंत्री श्यामसुन्दर रघुवंशी, दरोगा अबरार पठान व उनकी टीम उपस्थित रही।

### त्रि-स्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन-2023

# कलेक्टर गुप्ता ने संबंधित ग्राम पंचायत और वार्ड की सीमांतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों में रिक्त पदों के लिए उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध)-2023 की घोषणा की गई है। निर्वाचन की घोषणा होने से जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों ग्राम पंचायत/वार्ड एवं जनपद पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-13 विकासखण्ड बागली तथा नगर परिषद सतवास के वार्ड क्रमांक-04 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। जिसके तहत जिले के विकासखण्ड देवास, टोंकखुर्द, सोनकच्छ, बागली, कन्नौद खातेगांव में मतदान सम्पन्न होना है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अधिकारी ऋषव गुप्ता ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन(उत्तरार्द्ध)-2023 के लिए जिले की संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड के सीमांतर्गत चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने की अवधि तक के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

जारी आदेश अनुसार जिले की संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से खतरनाक हथियार/पदार्थ लेकर नहीं चलेगा। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर पटाखों का उपयोग नहीं करेगा। कोई भी जुलूस, रैली, आमसभा/वाहन रैली/हेलीकॉप्टर उतारने की अनुमति, सक्षम अधिकारी अर्थात संबंधित सक्षम अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति के बगैर आयोजित नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेगा। उक्त अवधि में कांच की बोतले, ईटों के टुकड़े, पत्थर एवं एसिड का संग्रहण एवं साथ लेकर चलना वर्जित रहेगा।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के दौरान रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक घर-घर जाकर चुनाव प्रसार, व्हाट्सएप, फेसबुक, एसएमएस, फोन लथा लाउडस्पीकर पर चुनाव प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति बिना टेंट पाण्डाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति समूह संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया इलेक्ट्रानिक संसाधन जैसे मोबाइल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आम लोगों की भावना भड़काने व कानून यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मैसेज चित्र/कमेंट/बैनर/पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किरायेदार रखेगा उसकी सूचना तल्काल संबंधित थाना प्रभारी को देगा, समस्त होटल/लॉज एवं धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की जानकारी से संबंधित थाना प्रभारी को प्रतिदिन अवगत करायेंगे। रैली में व्यक्तियों/वाहनों की संख्या मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार होगी। यह आदेश मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर, पुलिस अधिकारी एवं इयूटी पर रहे शासकीय कर्मचारी, मृत को शमशान, कब्रस्तान ले जाने तथा वापसी सम्बन्धी जुलूस तथा शादी विवाह से संबंधित कार्यक्रम पर जुलूस संबंधी निषेधाज्ञा लागू नहीं होगी। सिख धर्म के अनुयायियों व विवाह समारोह के दुल्हा-दुल्हन को कटार धारण करने की छूट रहेगी। आदेश की उल्लंघन की स्थिति में भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 अंतर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में किया भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्क्ष्य में मेरी मातृभाषा में मेरा हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर भारत सिंह गोयल के कर कमल द्वारा किया गया । हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ शर्मिला काटे ने अपने व्याख्यान में बताया कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए और हमें इसका सदैव सम्मान करना चाहिए क्योंकि वही हमारी पहचान है ,वही हमें उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर करती है । राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर अनीता भाना ने भी बताया कि एम बी बी एस एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी अब हिंदी माध्यम से की जा सकती है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। हिंदी विभाग के प्रोफेसर प्रमोद परिहार ने भी भाषा के महत्व को साझा किया ।

भाषण विधा के अंतर्गत मुस्कान कटारिया बीएससी फर्स्ट ईयर एवं सोनाली झीनीवाल बीएससी थर्ड ईयर ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक एवं छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित रही।

**खबर संक्षेप**

## मनीष ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**आष्टा।** शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर में अखंड ब्राह्मण समाज की बैठक समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें सर्वसम्मति से समाज के ऊर्जावान मनीष पालीवाल को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में समाज के अध्यक्ष दिनेश शर्मा के एक वर्षीय सफल कार्यकाल पर पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात आगामी 1 वर्ष के लिए नए अध्यक्ष के लिए पंडित अतुल शर्मा ने मनीष पालीवाल का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन दिनेश शर्मा सहित उपस्थित समाज जनों ने करतल ध्वनि के साथ किया। श्री पालीवाल के अध्यक्ष चुने जाने के पश्चात उपस्थित समाज जनों ने पुष्पहार पहनकर स्वागत किया एवं पूर्ण सहयोग देने की बात कहीं। बैठक में राजेश शर्मा, निलेश दीक्षित, नवीन शर्मा, पुष्पेंद्र उपाध्याय, अतुल शर्मा, वैदिक मंडल के रामूजी शर्मा, दीपराज शर्मा, योगेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## साहित्यकार एडवोकेट केपी शर्मा का निधन



**आष्टा।** दिनेश शर्मा एवं निलेश शर्मा एडवोकेट के पूज्य पिताजी सेवानिवृत्ति वरिष्ठ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी साहित्यकार एडवोकेट 90 वर्षीय केपी शर्मा का रविवार 10 दिसंबर की शाम 5 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनकी शव यात्रा 11 दिसंबर को उनके निवास स्थान सुभाष नगर से प्रातः 10 बजे निकाली गई। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी।

### भगवान श्रीराम के निर्मित नए मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए दिया आमंत्रण

# राम दरबार में हनुमान चालीसा, भजन कीर्तन कर अक्षत कलश किए वितरित

22 जनवरी को देव नगर अयोध्या में आयोजित होगा भव्य आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म स्थली पर निर्मित नए मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आरएसएस संघ चालक मोहन भागवत एवं साधु-संतों की महती उपस्थिति में 22 जनवरी को की जाएगी। इस महोत्सव में धर्मप्रेमी बंधुओं को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश भेजे गए हैं। इन कलश का वितरण रविवार 10 दिसंबर को नगर के श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन कीर्तन करके श्रद्धालु जनों की उपस्थिति में किया गया। आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद ने इन अक्षत कलशों का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया। 10 दिसंबर को वृहद रूप से प्रखंडों में कलश वितरण किया जाएगा। जिले के संतों के मार्गदर्शन में रामभक्तों द्वारा 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच घर-घर कलश के अक्षत, श्रीराम भगवान का चित्र एवं आमंत्रण पत्र देकर भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

### दीपक जलाने का किया आह्वान

विश्व हिंदू परिषद के गोपालदास राठी ने बताया कि आमंत्रण देने के साथ लोगों से 22 जनवरी को अपने नगर ,गांव, मोहल्ले, बस्ती स्थित मंदिर में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक धार्मिक अनुष्ठान तथा रात में दीपावली जैसे दीपक प्रज्वलित कर घर की साज-सज्जा, रंगोली, बंधनवार, 11 दीपक शुद्ध गाय के घी से जलाने का आह्वान किया जाएगा। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन के लिए अयोध्या आने के लिए अक्षत देकर आमंत्रित किया जाएगा। 22 जनवरी 2023 को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमित श्री राम मंदिर प्रखंड आष्टा में पूज्य अक्षत कलश पूजन वितरण कार्यक्रम 10 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं संघ द्वारा किया गया। श्री राम मंदिर में हनुमान चालीसा एवं भजन कीर्तन भी किए गए।श्री राम मंदिर से प्रखंड आष्टा के 12 खंड के 36 मोहल्ले नगर आष्टा के एवं 85 ग्रामीण इकाई तक खंड संयोजक, विश्व हिंदू परिषद सह संयोजक ,संघ को वितरित किए ।प्रत्येक हिंदू समाज के घर पूज्य अक्षत द्वारा श्री राम मंदिर अयोध्या के दर्शन करने को आमंत्रित किया जावेगा एवं सभी हिंदू समाज के परिवारों से आग्रह किया गया है कि 15 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्रत्येक घर दीपावली की तरह सजाएं एवं दीपक जरूर लगाए ।कार्यक्रम में संत छवि दास महाराज सत नगरी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह का जोशीला उद्बोधन हुआ । कार्यक्रम में संत श्री राम भूषण दास, कथा वाचक कुमेर सिंह , नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक, डॉ दीपेश पाठक, पुरुषोत्तम शर्मा , शंकर मंदिर महंत हेमंत गिरी एवं प्रांत सेवा प्रमुख गोपालदास राठी , जिला कार्यवाह संघ संतोष तोमर, जिला सह बजरंग दल संयोजक अशीष सिसोदिया, जिला मठ मंदिर प्रमुख विश्व हिंदू परिषद धीरज नागराज , मातृशक्ति संयोजिका आशा गिरी, विमला राठी, नगर संयोजिका राम सभा परमार ,विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, अनोखीलाल खंडेलवाल, ललित नागौरी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा , जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान, भाजपा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ऋतु जैन एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी ओर नगर पालिका पार्षद एवं समस्त कार सेवक, मातृशक्ति ,दुर्गा वाहिनी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व संघ के प्रखंड नगर खंड मंडल इकाई व नगर आष्टा के नागरिक वरिष्ठ नागरिक महिला संगठन व पत्रकार जन उपस्थित रहे ।



# आजीवन कारावास और अर्थदंड से किया दंडित

**आरोपियों ने की थी डॉक्टर की हत्या**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कंचन सक्सेना आष्टा, सीहोर के द्वारा अभियुक्तगण सतीश कुमार तमोलिया पिता मांगीलाल निवासी खजूरिया कासम, अखिलेश तमोलिया पिता जगन्नाथ निवासी पटाडिया चौहान व रानी उर्फ झूमा उर्फ बनसरी पत्नि जीवन मंडल निवासी अंबिका नगर जावर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास और 5000/-5000/- रू अर्थ दंड से दंडित किया। उक्त फैसला के संबंध में अपर लोक अभियोजक, विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 3 फरवरी 2021 को सुबह 11 बजे फरियादी उर्जन सिंह बांदरिया हाट रोड किनारे अपने खेत पर चना काटने के लिये गया था। तथा वह जैसे ही खेत पर पहुंचा तो उसके परिवार के लाला बा के खेत पर एक व्यक्ति सोया हुआ दिखा।

जिसके जूते दिख रहे थे तब फरियादी ने उसके पास जाकर देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति चित्त हालत में पड़ा हुआ था। उसके दोनों पैरों में जूता पहने हुए था तथा जीन्स पेंट एवं पीले रंग की जरकिन पहने हुए था तथा सिर पर चोट के निशान दिख रहे थे। सिर व चेहरा खून से लथपथ था। चेहरा फूला हुआ था । देखकर वह गाव आया और चौकीदार मेहरबान सिंह के घर गया। चौकीदार नहीं मिला तो फोन लगाकर घटना बताकर सूचना दी गई। फिर मान सिंह पटेल को साथ लेकर खेत पर गया, उसे संदेह हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अज्ञात व्यक्ति के उसके सिर में चोट पहुंचाकर उसकी हत्या करके ,लाला बा के खेत में फेंक दिया है, जिसकी मृत्यु हो गई है। चौकीदार ने थाना जाकर घटना की सूचना दी , जिस पर से थाना पार्वती के उपनिरीक्षक प्रवीण जाधव ने घटनास्थल पर पहुंचकर देहाती नालसी अपराध क्रमांक 0/21 धारा 302 भादवि की लेख की। साथ ही मर्ग कायम कर जांच में लिया गया तथा देहाती नालसी के आधार पर पुलिस थाना पार्वती के अपराध क्रमांक-41/2021 धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता का प्रकरण अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना के दौरान मृतक के शव कि शिनाख्त की की गई। जिसमें मृतक का नाम डॉ जीवन मंडल निवासी जावर पाया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में सत्र प्रकरण क्रमांक 91/21 पर पेश किया गया। माननीय विचारण न्यायालय में अभियोजन द्वारा साक्ष्य कराई गई।

जिसमें आई परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर एवं दोनों पक्षो की बहस सुनने के उपरांत माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कंचन सक्सेना ने अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए अभियुक्त गणो को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 5000/- 5000/- रू अर्थ दण्ड से दण्डित किया। शासन की ओर से पैरवी विजेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर लोक अभियोजक द्वारा की गई। व प्रकरण की पेरवी में सहयोग देवेन्द्र सिंह ठाकुर अति जिला अभियोजन अधिकारी आष्टा जिला सीहोर द्वारा किया गया ।

# महेंद्र सिंह सेंधव को बनाया राजपूत विवाह समिति का अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीराम सैंधव राजपूत समाज छात्रावास में रविवार 10 दिसंबर को कुमेरसिंह भाटी अध्यक्ष सेंधव राजपूत समाज की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

जिसमें समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से महेंद्र सिंह ठाकुर हरनावदा को चुना गया। सेंधव राजपूत समाज प्रति वर्ष आखातीज पर समाज का सामूहिक विवाह समाज की धर्मशाला परिसर में आयोजित करता है।इस वर्ष 22 फरवरी आखातीज पर यह सामूहिक विवाह आयोजित होगा जिसे व्यवस्थित रूप देने के लिए सामूहिक विवाह समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष के रूप में महेंद्र सिंह ठाकुर हरनावदा को चुना गया।

आयोजित हुई बैठक में सेवानिवृत्त नगर निरीक्षक विरेन्द्र सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह ठाकुर, कमल सिंह ठाकुर टीपाखेड़ी , नारायण सिंह ठाकुर, बलबहादुर सिंह भगत, सूरज सिंह भानाखेड़ी, विरेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह बोरवेल, विजेन्द्र सिंह लाखूखेडी, कोकसिंह पटवारी, जीवन सिंह शोभाखेड़ी, जयसिंह ठाकुर अध्यापक, जीवनसिंह अध्यापक, जीवन सिंह, कल्याण सिंह, धर्मेन्द्र सिंह मेमदाखेडी, चंदरसिंह, जितेन्द्र सिंह फूडरा , सुरेन्द्र सिंह ठाकुर रूपाहेडा एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे। महेंद्र सिंह ठाकुर के अध्यक्ष बनने पर समाज के सभी लोगो ने बधाई देकर स्वागत किया।

## श्रीमद्भागवत कथा का लिया लाभ



**आष्टा।** नगर के अलीपुर वार्ड नंबर 2 स्थित वृंदावन कॉलोनी में कथावाचक पंडित दीपक शर्मा के मुखारबिंद से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ दिवस पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने मित्र मंडल के साथ पहुंचे, जहां श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना कर व्यासपीठ पर विराजित दीपक शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर पार्षद कमलेश जैन, रवि शर्मा, वैभव मेवाड़ा, रविंद्र ठाकुर, भूपेन्द्र ठाकुर, राकेशसिंह ठाकुर, धीरजसिंह ठाकुर, पीडी वर्मा, संतोष सेन, राजेश डॉक्टर, संतोष सेन, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मानसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# शपथ लेते ही खाली हो जाएगा जिपं अध्यक्ष का पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही अब सीहोर जिला पंचायत के समीकरण बदलेंगे। वर्तमान अध्यक्ष गोपालसिंह इंजिनियर हाल ही में आष्टा विधानसभा से चुनाव जीतकर विधायक बने हैं।

गोपालसिंह इंजिनियर विधायक पद की शपथ लेते ही सीहोर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी खाली हो जाएगी, लेकिन नए अध्यक्ष को चुनने की प्रक्रिया को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। यह पूरी प्रक्रिया अब राज्य निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन के बाद ही आगे बढ़ेगी। उनके शपथ लेते ही जिला पंचायत सदस्य का एक पद भी खाली हो जाएगा, उसके निर्वाचन की प्रक्रिया भी प्रारंभ होगी।

विधायक निर्वाचित हो जाने के मामले में वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष गोपालसिंह इंजिनियर ने बताया कि 2019 में नियम में संशोधन कर दिया गया था एक ही पद पर रह सकते हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष गोपालसिंह इंजिनियर के अब विधायक की शपथ लेते ही जिला पंचायत अध्यक्ष पद से स्वतः पद रिक्त हो जाएगा। इधर, पद रिक्त होने की सुगबुगाहट शुरू होते ही जिला पंचायत सदस्यों की सक्रियता बढ़ गई है, लेकिन इस बार जिला पंचायत में भाजपा और कांग्रेस दोनों के समीकरण उलट गए। कुल 17 निर्वाचित सदस्यों में से विधानसभा चुनाव में हुए दल-बदल के बाद कांग्रेस के सदस्यों की संख्या सबसे ज्यादा 7 हो गई है। भाजपा के 10 में से एक अध्यक्ष का रिक्त होते ही 9 सदस्य रह जाएंगे। भाजपा बोर्ड वाली जिला पंचायत में अब कुछ भी हो सकता है। ज्ञात रहे अध्यक्ष गोपालसिंह इंजिनियर जिला पंचायत सदस्य का पद भी खाली हो जाएगा। यहां उप चुनाव कराकर फिर से नया सदस्य चुना जाएगा।

# मावठे के बाद फसलों की ग्रोथ बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मावठा की बारिश होने से किसानों के चेहरे इन दिनों खिले हुए हैं ।बीते कुछ दिनों से छाए बादल और उसके पूर्व मावठा गिरने से किसानों का समय और पानी दोनों की बचत हुई है। पैदावार भी सुधारी है तो खेती को काफी फायदा मिला हैं ।जिधर भी नजर जा रही है उधर खेतों में हरियाली छाई हुई है। फसलों की ग्रोथ भी मावठा के कारण बड़ी है। फसलों के लिए अमृत बरसा है। कृषि वैज्ञानिक बारिश को रबी सीजन की फसल के लिए काफी फायदेमंद बता रहे हैं।

रबी सीजन की फसल के लिए यह बारिश अमृत तुल्य है। क्योंकि इस समय फसलों को पानी की काफी जरूरत है। बारिश होने से असिंचित व सिंचित दोनों फसलों को फायदा पहुंचा है। जिन किसानों ने फसल को पानी दे दिया था, उन्हें अब एक पानी नहीं देना पड़ेगा।

ऐसे किसानों को लाभ मिला है। वहीं जो किसान सिंचाई नहीं कर पाए, उनकी फसल को इस बारिश से जीवनदान मिल गया है। अमूमन एक से डेढ़ इंच बारिश फसल के लिए पर्याप्त है। इतने पानी में फसल को कोई नुकसान नहीं है। बारिश से कीट व्याधि का प्रकोप भी कम हुआ है। बादल छाए रहे तो कीट का प्रकोप बढ़ सकता है। इससे किसानों को सावधान रहने की जरूरत भी है। सभी फसलों के लिए बारिश काफी फायदेमंद रही, क्योंकि फसल अभी हाइट पर हैं। मावठा के कारण किसानों को दोहरा फायदा हुआ है। एक तरफ जहां फसलों की पैदावार बढ़ेगी। दूसरी तरफ जहां अच्छी बारिश हो गई है वहां वर्तमान में सिंचाई की जरूरत नहीं है। इससे उनके समय की बचत होगी। साथ ही बिजली की खपत भी बची है। पानी की बचत भी हुई।

# शिक्षक की पदोन्नति के बाद शाला परिवार और ग्रामीणों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर




शा. प्रा. शाला सिराड़ी में कार्यरत शिक्षक गोविन्द सिंह ठाकुर की पदोन्नति सिराड़ी से श्यामपुर स्थित शा. उ. मा. वि. श्यामपुर में होने पर शासकीय प्राथमिक शाला सिराड़ी स्टाफ व ग्रामवासियों ने भावपूर्ण विदाई दी। शाला के प्रभारी दिलीप कुमार तिवारी ने गोविंद सिंह ठाकुर के बारे में बताया कि पिछले 10 वर्षों में ठाकुर साहब ने अपने व्यवहार से इस गांव के सभी लोगों का दिल जीत लिया।

शाला के लिए भी उन्होंने बहुत ही अच्छे-अच्छे कार्य किए। शाला में बाउंड्रीबाल, बच्चों के बैठने के लिए टेबल-कुर्सी, साउंड सिस्टम, स्मार्ट क्लास, वृक्षारोपण और शाला को व्यवस्थित रूप से रखकर शाला का वातावरण बहुत ही अच्छा बनाया। जिसके कारण स्कूल में छात्र संख्या में भी वृद्धि हुई। इनके साथ ही मित्तुखेड़ी में पदस्थ शिक्षक दीनदयाल शंकवार, अनूप सिंह को भी पद्दोन्नति होने पर विदाई दी। इस अवसर पर जनशिक्षक रामेश्वर पाटिल, शिक्षक नीरजपाल सिंह सिसोदिया, वीरेंद्र कुमार दांगी सुमन गौर, सिंधु इंदौरिया, पंचायत सचिव रामगोपाल गौर, बाबूलाल शर्मा सोना दांगी, कोमल ठाकुर, अर्जुन मीना, अमित सिंह जी राठौड़, रूपसिंह अहिरवार सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्तिथ रहें।

### श्री महावीर भवन स्थानक में विराजित जैन मुनि ने दिए आशिर्वचन, जुटे सैंकड़ों श्रद्धालु

# मोक्ष में जाने का शॉर्टकट संयम मार्ग: गिरीश मुनि महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मनुष्य भव बहुत ही दुर्लभ है।इसकी कीमत आज तक लोगों ने नहीं समझी है।जिसका समय धर्म में बीता,वह सफल हो गया।मोक्ष में जाने का शॉर्टकट संयम मार्ग है।हमें जो जैन धर्म मिला है,वह मोक्ष प्राप्ति के लिए मिला है।जीवित रहने के लिए हमेशा मंगल मय वातावरण होना चाहिए और मंगल मय वातावरण हमें नवकार महामंत्र की शरण में जाने से मिलता है। अवगुण सदैव अशुभ कर्मों से आते हैं। हर गुणीजन को देखकर मन में खुशी होनी चाहिए।

साधु जिनवाणी सुनाकर संघ की सेवा करते हैं। साधु का स्वभाव शरद पूर्णिमा के चंद्रमा की शीतलता की तरह होता है। उक्त बातें श्री महावीर भवन स्थानक में विराजित जिन शासन गौरव आत्मार्थी, श्रमण श्रेष्ठ आचार्य भगवंत श्री उमेश मुनि महाराज साहब के परम प्रभावक शिष्य बुद्ध पुत्र प्रवर्तन देव जिनेंद्र मुनि के आज्ञानुवर्ती अभय मुनि एवं गिरीश मुनि ने कहीं। मृदुभाषी अभय मुनि ने आगे कहा कि हमें जो जैन धर्म मिला है,वह मोक्ष प्राप्ति के लिए मिला है।मोक्ष क्या है ? मोक्ष आत्मा का परम सुख है। अपनी श्रद्धा को हमेशा जीवित रखो ,जीवित कौन है जो गुणवान है और सिलवान है ,वही जीवित है ।जो अवगुणी है वह मृत के समान है।जीवित रहने के लिए हमेशा मंगल मय वातावरण होना चाहिए और मंगल मय वातावरण हमें नवकार महामंत्र की शरण में जाने से मिलता है। अवगुण सदैव अशुभ कर्मों से आते हैं । अभय मुनि ने कहा जैन धर्म मोक्ष प्राप्ति के लिए मिला है। आत्मा का सच्चा सुख मोक्ष है। आत्मा के सुख के लिए पुरुषार्थ करना पड़ता है। नवकार महामंत्र श्रद्धा का सार है। भगवान महावीर स्वामी का शासन 21 हजार साल चलेगा। श्रद्धा को जीवित रखना, कभी डिगाना मत। गुणवान और शीलवान जीवित है। जो दूसरे के अवगुण देखें वह मृत व्यक्ति के समान है।

वह अवगुणी है ।जो गुणवान है वह जीवित है। आष्टा आस्थावान नगरी है। धर्म सभा में बैठे सभी गुणवान और शीलवान है, क्योंकि आप यहां धर्म आराधना कर रहे हैं। जीवित रहने के लिए मंगलमय वातावरण होना चाहिए ।परम गुण के भंडार सिद्ध भगवान है। अवगुण आएं तो नवकार मंत्र का ध्यान करें। मोहिनी कर्म और अशुभ कर्म के उदय से अवगुण आते हैं ।णमो सिद्धाणम जपे अशुभ नहीं होगा। संघ पुण्यवान और गुणवान है तो साधु संत को भी धर्म आराधना कराने में आनंद आता है। श्रद्धा है तो ज्ञान, चारित्र कराते हैं। अभय मुनि ने कहा श्रद्धा के बल पर नवकार महामंत्र की आराधना करते हुए जिनवाणी श्रवण करना है,यह धर्म के प्रति श्रद्धा है ।मोक्ष मार्ग पर ले जाती है श्रद्धा। मैत्री भाव रखना चाहिए। आष्टा में न श्वेतांबर,न दिगंबर और न ही स्थानकवासी ।हम यहां पर दिगंबर समाज के घर गोचरी लेने जाते हैं तो वह बहुत खुश होकर गोचरी देते हैं।

### तपस्वियों ने पूर्ण की कठिन तपस्या, किया अनुमोदना


श्वेतांबर जैन समाज में उपधान तप का विशेष महत्व है। समाज के सुश्रावक दिलीप कुमार संचेती,सुश्राविका सुनीता कटारिया एवं अरुणा कोचर ने उपधान तप की कठिन तपस्या पूर्ण की है। तीनों की उक्त तपस्या करने पर समाज जनों ने अनुमोदना करते हुए बधाई भी दी है। जैन श्वेताम्बर समाज के सुश्रावक दिलीप कुमार संचेती ने रतलाम में गणिवर्य श्री कल्याणरत्न विजयजी महाराज की पावन निश्रा में उपधान तप महोत्सव में तीसरे उपधान तप की आराधना सम्पन्न की। इसके पूर्व 2014 में वे मासक्षमण के 32 उपवास की तपस्या भी पूर्ण कर चुकें हैं। इसी तारतम्य में श्रीमती सुनीता विमल कुमार कटारिया ने भी तीसरा उपधान एवं श्रीमती अरूणा प्रकाश कोचर भवानीमंडी में श्री आदर्शरत्न सागर म.सा. की निश्रा में दूसरा उपधान तप पूर्ण किया। सभी की समाजजनों ने खूब-खूब अनुमोदना करते हुये बधाई प्रेषित की।

# हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल प्रखंड का त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल प्रखंड खाचरोद में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली गई।

त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष अतुल कुमार राठौर काका द्वारा बताया गया कि हमें हिंदू बहन बेटियों, राष्ट्र गौ माता साधु संत और अपनी आत्मरक्षा के लिए त्रिशूल धारण करना चाहिए। राष्ट्रीय बजरंग दल के द्वारा देश में लाखों कार्यकर्ताओं को त्रिशूल दीक्षा दी जा रही है। वहीं उन्होंने सभी को संकल्प दिलवाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीष मेवाड़ा प्रांत से मंत्री प्रकाश परमार, जिला उपाध्यक्ष मुकेश परमार, जितेंद्र मीणा, राजेंद्र जैन, खाचरोद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, अनार सिंह ठाकुर, बाबा सहाब देवन खेड़ी, ज्ञान सिंह ठाकुर, मांगीलाल पटेल, भुजराम जाट, हेमंत ठाकुर, पवन ठाकुर, गोलू ठाकुर, दीपेन्द्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, कुलदीप ठाकुर व खाचरोद प्रखंड में आने वाले सभी गांव के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चोरों ने मेन मार्केट स्थित जैन मेडिकल वाले दीपक जैन के घर को बनाया निशाना

# व्यापारी के सूने मकान से नकदी सहित 20 लाख का माल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शहर में चोरियों की वारदातें बढ़ती ही जा रही हैं। पिछले दिनों मंदिरों में हुई चोरी के बाद अब चोरों ने मेन मार्केट के एक व्यापारी के मकान को अपना निशाना बनाया। चोर यहां से नकदी सहित करीब 20 लाख से अधिक का माल चुरा ले गए। जहां यह वारदात हुई उस घर के आगे और पीछे दोनों तरफ के ताले लगे हुए मिले हैं। चोरों ने एक खिड़की को तोड़कर इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, वहीं डॉग स्क्वाड की भी मदद ली। हालांकि, सीहोर या भोपाल से एफएसएल की टीम देर शाम तक नहीं पहुंच पाई।

घटना की जानकारी के बाद एडिशनल एसपी आलोक शर्मा, टीआई वीर सिंह ठाकुर ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने मकान में दाखिल होने के संभावित जगहों को देखा व मार्केट व समीप के कॉम्पलेक्सों के सीसीटीवी खंगालने के निर्देश टीम को दिए। पुलिस को अभी तक सीसीटीवी फुटेज में दो जगहों पर एक युवक नजर आ रहा है लेकिन उसका चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा।

पुलिस ने खंगाले आसपास के सीसीटीवी फुटेज





#### साढ़े चार लाख नकदी सहित जेवरात चोरी

दीपक जैन ने बताया कि वे और उनका पूरा परिवार उद्धभव नगर में रहते हैं। आगामी दिनों में उनके बेटे की शादी होने वाली है। वहीं उद्धभव नगर में एक और मकान का निर्माण भी वे शुरू करने वाले थे। ऐसे में वे और उनका पूरा परिवार पुराने मकान को छोड़कर उद्धभव नगर में रहने लगे थे लेकिन पूरा सामान पुराने घर में ही रखा था। उन्होंने बताया कि मेन मार्केट वाले मकान में स्थित उनकी मेडिकल की दुकान सिर्फ दिन में खुलती है। घर के कमरों में बनी तिजोरी और छोटे बेगों में करीब साढ़े चार लाख नकद रखे हुए थे जिसे चोरों ने चुरा लिया। इसके साथ ही उनके बेटों की सोने की तीन चेने, हार व अन्य आभूषण चोर चुरा ले गए हैं। चोरी गए माल की कीमत जैन द्वारा करीब 20 से 25 लाख रुपए बताई गई है।

चोरी की पतारसी में पुलिस ने समीप लगे पुलिस विभाग सहित निजी दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम शुरू किया। चूंकि, जिस मकान में चोरी हुई है उसके आगे और पीछे दोनों तरफ के दरवाजों में ताले लगे हुए थे, ऐसे में पुलिस को शक है कि चोर दूसरे रास्तों से घर में घुसे होंगे। पुलिस सीसीटीवी सहित अन्य पहलुओं के आधार पर अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है।



# मौके पर पहुंचा कृषि विभाग जांच दल, पंचनामे में 50-60 फीसदी नुकसान की पुष्टि की

### मामला- खरपतवार की दवा से खड़े धनिया की फसल जलने का

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

खिलचीपुर के नया गांव (पुरा जामुनिया ) का एक मामला सामने आया था, जिसमें किसान मदनलाल




पिता गिरवर लाल जाति सौधिया अपने खेत में खरपतवार की दवा के डालने के बाद खड़ी फसल धनिया के जल जाने का शिकायती आवेदन लेकर थाने पहुंचा था। किसान ने बताया था कि में आरके ट्रेडर्स प्रोपराइटर अनिल कुमार गुप्ता मंडी रोड की दुकान से धनिया फसल के हरे- भरे खेत में उगे हुए खरपतवार को नष्ट करने की दवाई 6 दिन पहले लाया था, ओर खेत में छिड़काव किया था, लेकिन दवा छिड़काव के बाद खरपतवार के साथ-साथ खेत में उगा हुआ धनिया भी जल गया, जिससे लगभग 7-8 बीघा का खड़ा धनिया जलकर नष्ट हो गया। वही दुकानदार से अपने नुकसान की भरपाई तथा शासन द्वारा मुआवजा दिलवाये जाने की बात रखी थी, किसान ने थाने में शिकायत के बाद एसडीएम खिलचीपुर, एसडीओ कृषि विभाग खिलचीपुर को शिकायत कर दुकान को सील करने की मांग रखी थी ताकि कोई अन्य किसान इस तरह के हादसे का शिकार न हो। समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद कृषि विभाग टीम बनाकर किसान के खेत पर जांच करने पहुंचे, वहीं खरपतवार दवा कंपनी के अधिकारी भी जांच दल के साथ किसान के खेत पर पहुंचे। मौका मुआयना कर 50-60 फीसदी नुकसान की पुष्टि कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

#### इनका कहना है

हां, किसान का 50-60 फीसदी नुकसान हुआ है। पंचनामा बनाया है। आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**गोपाल सिंह सोनगिरा,** एसएडीओ खिलचीपुर।

हमारी कंपनी की तरफ से धनिया फसल में खरपतवार नाशक कोई दवा ही नहीं बनी है। यदि किसान को दुकानदार ने मक्का की फसल खरपतवार नाशक दवा दी है तो गलत है और किन-किन किसानों को दी है जांच करवाएंगे।

**विनोद सिकरवार,** एमडी ( भारत सरटिस एग्रो साइंस लिमिटेड)

# वारंटी को गिरफ्तार करने में पुलिस को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा (शहर) निरीक्षक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में थाना ब्यावरा पुलिस टीम ने 11 दिसंबर को प्रआर. 181 देवेन्द्र सिंह मीना के मुखविर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए न्यायालय के प्रकरण140/218 धारा 125 में वसूली वारंट होकम दुगरिया पिता मोतीलाल निवासी कालाखेत राजगढ़ को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की वारंटी होकम दुगरिया कालाखेत का राजगढ़ अस्पताल तिराह पर खड़ा है की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर




वसूली वारंटी दिखा जिस से नाम पता पूछा जो सही पाया गया, जिसे पकड़ कर मौके पर गिरफ्तारी पांचनामा तैयार कर गिरफ्तार किया गया। वारंटी को न्यायालय पेश किया गया है। उपरोक्त कार्य में थाना प्रभारी ब्यावरा निरीक्षक नीलेश अवस्थी, प्रधान आरक्षक 181 देवेन्द्र सिंह मीना, आरक्षक 18 सतीश भील, प्रधान आरक्षक दिनेश गुर्जर राजगढ़ का योगदान रहा।

## जगह-जगह पोस्टर लगाकर दे रहे प्रत्याशी को बधाईयां

**ब्यावरा।** जिले में भाजपा में पार्टी प्रत्याशी के विरोध में छुप छुप कर काम करने वाले भी अब सम्मान करते देखे जा रहे हैं। खासकर राजगढ़ विधानसभा में यह चेहरे आम भाजपा कार्यकर्ता के गले नहीं उतर रहे हैं। कई पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब सम्मान में बड़े बडे. पोस्टर लगवा कर बधाईयां दे रहे हैं। उनके कई सबूत कई पार्टी कार्यकर्ताओं के पास है जो बताते है कि उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम किया था परंतु पार्टी की बडी जीत होने के कारण मन मारके ही सही सम्मान तो करना ही पड़ रहा है। आगे ऊंट किस करवट बैठता है यह तो समय के गर्त में छुपा है। परंतु यह भी सही है यदि पेड़ बबूल का लगाया तो आम की इच्छा करना बेमानी है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को दिए कई अहम निर्देश

### बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा पर किया फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में निर्देश देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में कैंप लगाकर केन्द्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं संबंधी लक्षित और पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सुविधाएं सुलभ कराने का महत्वपूर्ण कार्य किया जागा। इसके अंतर्गत जिले के नगरीय क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा चलेंगी।

**कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे:** कलेक्टर दीक्षित ने यात्रा के संबंध में कईं अहमद निर्देश कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों के आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे। ऐसे किसान, पशुपालक, मछुआरे, जिनके पास क्रेडिट कार्ड नहीं हैं, उनके आवेदन लेने और संबंधित बैंकों से समन्वय कर क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी की जागी।



#### साइट पर अपलोड होगी खुलेबोर की जानकारी

टीएल बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि बोरवेल या अन्य ग्राउंड वॉटर रिसोर्स का पटवारियों के माध्यव से सर्वे करवाएं। साथ ही बोरवेल करने वाली मशीनों के संचालको की मीटिंग करें। बोरवेल मशीन संचालको से यह सुनिश्चित कराया जाए कि नए बोरवेल करने के बाद एनआईसी राजगढ द्वारा तैयारी की गई साईड पर बोर की लोकेशन फोटो, नाम, खसरा नम्बर साईड पर अपलोड करना सुनिष्चित करें।

## झगड़ा नहीं देने पर काटी फसल मामला दर्ज

**ब्यावरा।** थाना अंतर्गत आरोपियों ने झगड़ा न देने पर फरियादी के खेत से खड़ी फसल काट कर उसका नुकसान किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी दशरथ सोंधिया पिता कालूराम कालूराम सोनूदिया पिता रामलाल जितेन सोंधिया तथा कालूराम निवासी पीपलवे ने फरियादी दरियाव सोंधिया तथा गंगाराम निवासी धनिया खेड़ी की झगड़ना देने पर उसकी खड़ी फसल को काटकर नुकसान कर दिया। बिहार सिटी थाने ने आरोपियों के खिलाफ धारा 384, 27, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है।

# परंपरागत खेती को बढ़ावा देने और खेती में लागत को कम करने के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

ग्राम लखेसरा में कृपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से गांव के किसानों को जैविक खाद एवं जैविक दवाई बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें संस्था के समन्वयक संतोष मनोरिया तथा सुनील के द्वारा जैविक खेती क्यों जरूरी है और हमें जैविक खेती करने की क्या आवश्यकता है एवं जैविक खेती एवं रासायनिक खेती में क्या अंतर है और इससे कैसे लागत कम की जा सकती है पशुधन को बढ़ावा देकर जैविक खाद तैयार करने की प्रिक्रिया एवं जैविक दवाई जैविक दवाई बनाने की विधि बताई गई। जिसमें ऐसी पत्तियां जिनको बकरी नहीं खाती है ऐसे पत्तियों का उपयोग करके जैविक दवाई बनाई जा सकती है जैसे किसानों की लागत कम होगी और खेत से कीड़े और इल्लियां भाग जाएगी



और इससे उत्पादन भी बढ़ेगा और पर्यावरण को किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होगी। उसके बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से बताया गया एवं संस्था के आउट रीच वर्कर सुनील राठौर के द्वारा भी रासायनिक खेती से होने वाली हानि व बीमारियों के बारे में बताएं एवं जैविक उत्पादन का बाजार मूल्य भी ज्यादा मिलता है इसके बारे में बताया गया। साथ ही सामुदायिक शिशिका नेहा पुष्पद के द्वारा उपस्थित किसानों का आभार के द्वारा माना गया।

# जब तक हत्यारों का एनकाउंटर नहीं हो जाता, तब तक शांति से नहीं बैठेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को महाराणा प्रताप चौराहा पर करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को सर्वसमाज एवं हिन्दू संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रदेश सचिव उदय सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे श्रद्धांजलि सभा में हिन्दू संगठनों, सर्वसमाज के गणमान्य नागरिकों एवं राजपूत समाज ने श्री गोगामेड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। करणी सेना राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सेंगर एवं महिला टीम जिला अध्यक्ष सरिता नरेन्द्र एवं मोना विजय राजपूत ने कहा कि श्री गोगामेड़ी सिर्फ राजपूत समाज ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के हकों की लड़ाई लड़ते थे। उनकी धोखे से हत्या की गई है, जो बेहद पीढ़ादायक है। महिला इकाई से मोना विजय सिंह ने कहा कि हत्यारे पकड़े जा चुके हैं, लेकिन जब तक उनका पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर उन्हें मौत के घाट नहीं उतारा जाएगा, हम शांति से नहीं बैठेंगे। श्री गोगामेड़ी की इस तरह निर्मम हत्या, देश के लिए बड़ी क्षति हैं, जिसे भर पाना असंभव है।

#### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ब्यावरा।** राजगढ़ थाना के तहत आरोपी द्वारा लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाने को लेकर पैदल चल रहे रतनलाल पिता किशनलाल सोंधिया को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।



# सर्व ब्राह्मण समाज ने दी गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि

### हत्या की ब्राह्मण समाज ने की निंदा

**सुठालिया।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा गत रात्रि को राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्यावरा रोड स्थित पालीवाल कृषि फार्म पर ब्राह्मण समाज द्वारा सामाजिक बैठक आयोजित कर स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की नृशंस हत्या किए जाने की निंदा की एवं उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनको, ईश्वर से श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा उनके घर में घुसकर गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। इस घटना की मौजूद वक्ताओं ने घोर निंदा करते हुए अपराधियों को उचित दंड देने की मांग की।

### राजगढ़, खिलचीपुर और जीरापुर के 26 ग्रामों में 11 से 15 दिसंबर तक करेगा जागरुकता रथ भ्रमण

# बाल संरक्षण जागरुकता रथ के माध्यम से होगा प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ममता यूनिसेफ के सहयोग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना और किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 3 विकासखंडों- राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर के 26 ग्रामों में 11 से 15 दिसम्बर 2023 तक जागरूकता रथ भ्रमण करेंगा। भ्रमण के दौरान रथ के माध्यम से आंगनवाडी केन्द्र, शालाएं, चौपाल हाट बाजार, ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन आदि स्थानों पर बाल संरक्षण, बाल विवाह रोकथाम, बाल अधिकार जैसे मुद्दों का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

#### हरी झंडी दिखाकर रथ किया रवाना

कलेक्टर हर्ष दीक्षित, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षय तेम्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सुनीता यादव, सहायक संचालक महिला बाल विकास बृजेश वर्मा, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्यामबाबू खरे एवं जिला समन्वयक किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम ममता यूनिसेफ लखन सिंह मकवाना की उपस्थिति में बाल संरक्षण



जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा की जाएगी। जिसके उदेश्य समुदाय में बच्चों और महिलाओं से जुडी सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना, देखरेख और संरक्षण के जरूरतमबंद बच्चों तक पहुँच बनाना। बाल संरक्षण, बाल विवाह और जेंडर भेदभाव के मुद्दों पर सामुदायिक चर्चा करना आदि इसका मुख्य उद्देश्य होगा।


## कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी प्राथ. विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल

जिला शाजापुर म.प्र. पंजीयन क्रमांक 05 दिनांक 21/01/1961

क्रमांक / नि. अधि./2023/Q-2 शाजापुर दिनांक 11/12/2023

### निर्वाचन कार्यक्रम

म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी के आदेश क्रमांक सह. नि.प्रा./ निर्या-06/2023/8590 दिनांक 06.12.2023 के द्वारा मुझे विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल के प्रत्यायुक्तों के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया गया प्रत्यायुक्तो के निर्वाचन हेतु निम्नलिखित निर्वाचन कार्यक्रम निश्चित किया गया है जो कि सोसायटी के समस्त सदस्यों को सुमनार्थ प्रकाशित करता हूँ।

01. सोसायटी की पंजीकृत उपविधि क्रमांक 19 के अनुसार प्रत्यायुक्तो के लिए निर्वाचन किये जाने वाले सदस्यों की कुल संख्या
09 विवरण निम्नांकित है

समूह क्रमांक 01 से 01 पद अनारक्षित, समूह क्रमांक 02 से 01 पद अनारक्षित
समूह क्रमांक 03 से 01 पद अनारक्षित, समूह क्रमांक 04 से 01 पद अनारक्षित
समूह क्रमांक 05 से 01 पद अनारक्षित, समूह क्रमांक 06 से 01 पद अनारक्षित
समूह क्रमांक 07 से 01 पद अनारक्षित, समूह क्रमांक 08 से 01 पद अनारक्षित
समूह क्रमांक 09 से 01 पद अनारक्षित

| | |
|---|---|
| 02. नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का दिनांक, उम्मीदवार, प्रस्तावक, समर्थक का पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । | दिनांक 18/12/2023 समय नामांकन के प्रातः 11 से 03 बजे तक संस्था प्रबंधक श्री जसमतसिंह परमार को प्रस्तुत करे तथा नामांकन पत्रों की जांच दिनाक 19/12/2023 को नामांकन पत्र एवं नामांकन पंजी रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत करे। स्थान - विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल। |
| 03. नामांकन पत्रो की जॉच एवं वैघ नामांकन पत्रो की प्रकाशन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा | दिनाक 19/12/2023 को समय सूची का प्रातः 11 बजे से जॉच पूर्ण होने तक स्थान- विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल। |
| 04. नामांकन पत्रो की वापसी दिनांक तथा चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सुची का प्रकाशन एवं चिन्ह का आंवटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा | दिनाक 20/12/2023 समय प्रातः 11 बजे से 02 बजे तक स्थान - विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल |
| 05. संस्था के व्यक्तिगत सदस्यो के सम्मिलन मे चुनाव (मतदान) मतगणना | दिनांक 26/12/2023 समय प्रातः 11 बजे से दोप. 03 बजे तक स्थान -विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल |

(बी.एस. भंवर)
व.स.नि. एवं. रिटर्निंग आफिसर
विपणन सहकारी संस्था मर्या. कालापीपल